आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-122 कटनी ● शनिवार, 5 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## फेसबुक की दादागिरी फिर सॉरी

केंद्र सरकार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के बीच जारी तकरार के बीच फेसबुक और इंस्टाग्राम ने प्रेस इंफरमेशन ब्यूरो के फैक्ट चेक की एक पोस्ट पर कार्रवाई करते हुए उसको हटा दिया था, इतना ही नहीं फेसबुक ने इसके लिए पीआईबी फैक्ट चेक को पेज ब्लॉक करने की धमकी भी दी थी। बाद में फिर इसपर सरकार ने दखल दिया तो फेसबुक और इंस्टाग्राम को इसे दोबारा प्रकाशित करना पड़ा और कहना पड़ा कि कंटेंट की गलती से ब्लॉक कर दिया था।

## ट्विटर की मनमानी

# उपराष्ट्रपति तथा संघ प्रमुख के एकाउंट से वेरीफाइड निशान हटाया

**नई दिल्ली।** माइक्रो ब्लॉगिंग कंपनी ट्विटर के साथ जारी विवाद शनिवार को उस समय बढ़ गया जब पता चला कि ट्विटा ने भारत के उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के ट्विटर हैंडल (निजी ट्विटर हैंडल) से ब्लू टिक हटा दिया है। यही नहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार सुरेश सोनी व पूर्व कार्यवाह भैय्या जी जोशी समेत अन्य का ब्लू टिक भी हटाया गया है। मामला सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने सख्ती दिखाई और ट्विटर से सम्पर्क साधा। सरकार की सख्ती के बाद ट्विटर ने अपनी गलती सुधारी और वेंकैया नायडू के हैंडल पर ब्लू टिक बहाल कर दिया गया। आरएसएस के पदाधिकारियों को लेकर भी यही भरोसा दिया गया है। इस बीच, ताजा खबर यह है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत के ट्विटर हैंडल से भी ब्लू टिक हटा दिया गया है। माना जा रहा है किट्विटर की मनमानी के बाद सरकार कंपनी से खफा है और बड़ी कार्रवाई के मूड में है। सरकार वेंकैया नायडू के अकाउंट को अनवेरिफाइड करना असंवैधानिक बता रही है।





ट्विटर ने सरकार के सामने दलील रखी कि 6 माह से अकाउंट एक्टिव नहीं होने के कारण ब्लू टिक हटाया गया है। इस पर सरकार ने दिवंगत नेता अरुण जेटली और सुषमा स्वराज के अकाउंट का हवाला दिया। साथ ही बताया कि वेंकैया नायडू ट्विटर पर एक्टिव रहते हैं, तो ट्विटर ने गलती सुधारी। बता दें, ट्विटर विवादों में है क्योंकि वह भारत सरकार के कानून मानने में आनाकानी कर रही है। ऐसे में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के ट्विटर हैंडल से ब्लू टिक हटना आग में घी का काम करेगा। मामला सामने आने के बाद इसके बाद से इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्विटर का नए सिरे से विरोध शुरू हो गया है और लोग इस कंपनी पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप का फेसबुक अकाउंट सस्पेंड



**सैन फ्रांसिस्को।** फेसबुक ने अमेरिक के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को 2 साल के लिए निलंबित कर दिया है. फेसबुक ने कहा कि वह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को दो साल के लिए निलंबित कर रहा है, क्योंकि उसकी जांच में यह पाया गया कि 6 जनवरी को कैपिटल बिल्डिंग पर हमले से पहले उन्होंने हिंसा को बढ़ावा दिया था। बता दें कि फेसबुक ने ट्रंप के अकाउंट को कंपनी ने 6 जनवरी को अनिश्चितकाल उके लिए बंद कर दिया था, जिससे ट्रंप अब अपने अकाउंट पर कोई पोस्ट नहीं कर सकते थे। जनवरी में जब फेसबुक ने ट्रंप के अकाउंट को बंद किया था तब उसने अपने इस कदम के पक्ष में यूएस कैपिटल (संसद भवन) में हिंसा और भड़कने का हवाला दिया था. एफबी ने कहा था कि उसने ट्रंप के किसी भी पोस्ट के लिए खबर योग्य छूट नीति का इस्तेमाल नहीं किया है. फेसबुक ने हालांकि इस संबंध में टिप्पणी से इनकार किया था।

## फटाफट खबरें



### सोमवार से 5 चरणो में अनलॉक होगा महाराष्ट्र: उधव ठाकरे

**मुंबई।** यू-टर्न लेने के एक दिन बाद, शुक्रवार की देर रात अचानक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने एक आदेश जारी किया और कहा कि राज्य में कोविड-19 सकारात्मकता दर और ऑक्सीजन बेड की उपलब्धता के आधार पर लॉकडाउन में सोमवार से ढील दी जाएगी और ये नया आदेश सोमवार, 7 जून से लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने उन जिलों और शहरों में प्रतिबंध हटाने के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाई गई 5-स्तरीय योजना को भी साझा किया, जहां सकारात्मकता दर में गिरावट आई है।

### 7 जून से चलेगी मेट्रो, खुलेंगे मॉल-बाजार और ऑफिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सात जून यानी आने वाले सोमवार सुबह पांच बजे तक लॉकडाउन लगा है इसके साथ ही अनलॉक की प्रक्रिया भी इस हफ्ते से शुरू हो चुकी है। शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली में सीमित लॉकडाउन बढ़ाने के साथ ही दूसरे चरण के अनलॉक के बारे में भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि दिल्ली में सीमित तौर पर लॉकडाउन जरूर जारी रहेगा लेकिन 7 जून से अनलॉक-2 के तहत रियायतें दी जा रही हैं। इसमें मेट्रो संचालन से लेकर बाजार का खुलना भी शामिल है।

### गूगल मीट हुआ ठप, भारत समेत दुनियाभर के यूजर्स हलकान

**नई दिल्ली।** गूगल का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एप गूगलमीट भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में ठप है जिसके कारण लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा है। गूगल मीट के डाउन होने से भारतीय यूजर्स को काफी परेशानी हो रही है, क्योंकि गूगल मीट आज यानी 5 जून को सुबह से ही डाउन है और सुबह में ही ऑनलाइन क्लासेज चल रही हैं। इसके अलावा लोगों को ऑफिस की मीटिंग भी अटेंड करनी होती है। गूगलमीट के ठप होने की पुष्टि डाउनडिटेक्टर ने भी की है।डाउनडिटेक्टर पर दी गई जानकारी के मुताबिक गूगल मीट 5 जून को सुबह 6 बजकर 42 मिनट से डाउन है। सुबह 10 बजे तक डाउनडिटेक्टर पर करीब 1,000 लोगों ने इसके ठप होने की शिकायत की है।

## इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर बड़ी घोषणा



**नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन जारी है। आज आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को पेट्रोलियम, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। गौरतलब है कि पर्यावरण सुधार का संदेश देते हुए इस वर्ष इस कार्यक्रम की थीम बेहतर पर्यावरण के लिए जैव ईंधन को बढ़ावा देना रखी गई है। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण दिवस पर अपने संबोधन में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग पर जोर दिया है और 2025 तक इथेनॉल के उपयोग को बढ़ाया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी भारत में 2020-2025 के दौरान इथेनॉल सम्मिश्रण से संबंधित रोडमैप के बारे में विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट भी जारी की। कार्यक्रम के दौरान इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल में इथेनॉल की प्रतिशतता 20 फीसदी तक बढ़ाने पर अधिसूचना भी सरकार के द्वारा जारी की जा सकती है। साथ ही देश की सभी तेल कंपनियों के लिए 1 अप्रैल, 2023 से इस योजना को लागू करने के लिए गाइडलाइन भी जारी की जा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 7-8 साल पहले भारत में एथेनॉल पर चर्चा दुर्लभ थी, लेकिन अब एथेनॉल भारत की 21वीं सदी की प्राथमिकताओं से जुड़ गया है। यह पर्यावरण के साथ-साथ किसानों के जीवन की भी मदद कर रहा है।उन्होंने कहा कि हमने 2025 तक पेट्रोल में 20 फीसद एथेनॉल ब्लेंडिंग को पूरा करने का संकल्प लिया है। 2014 तक औसतन सिर्फ 1-1.5 फीसदी एथेनॉल ब्लेंड किया जा रहा था और आज यह करीब 8.5 फीसदी पर पहुंच गया है।

## MP Junior Doctors Strike

# सीट छोड़ने पर हड़ताली जूनियर डॉक्टरों से वसूले जाएंगे दस लाख



**भोपाल।** जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के बीच प्रदेश सरकार ने एक नियम का हवाला देते हुए कहा है कि चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में निर्धारित समय सीमा के बाद सीट छोड़ने वालों को पूरी अवधि का शैक्षणिक शुल्क जमा करना होगा। यह राशि दस लाख से लेकर तीस लाख रुपये होगी। यह नियम वर्ष 2018 से प्रवेशित सभी विद्यार्थियों पर प्रभावशील है। इस नियम का हवाला देने को सरकार की सख्ती माना जाना जा रहा है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त निशांत वरवड़े ने बताया कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में नीट से चयनित विद्यार्थियों को चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में शासन द्वारा मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा प्रवेश नियम-2018 एवं संशोधन 19 जून, 2019 के अनुसार प्रवेश दिया जाता है। इस नियम के तहत अभ्यर्थी द्वारा सीट छोड़ने पर बंधपत्र की शर्तें लागू होंगी। इसमें अभ्यर्थी को बंधपत्र की राशि 10 लाख रुपये (प्रवेश वर्ष 2018 एवं 2019)-30 लाख रुपये (प्रवेश वर्ष 2020) स्वशासी संस्था को देनी होगी। इसे संबंधित स्वशासी महाविद्यालय के खाते में जमा करना अनिवार्य होगा।

### 978 नर्सों की हुई नियुक्ति

विगत कई दिनों से जारी मध्यप्रदेश में जूडा की हड़ताल पर सरकार अब आरपार के मूड में है। सरकार ने इसके लिए नई भर्ती की भी तैयारी शुरू कर दी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने बताया कि कोरोना संक्रमण महामारी में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रदेश के समस्त चिकित्सालयों में 978 स्टाफ नर्सों की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्तियां लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन संचालित शासकीय नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्रों से प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं की ऑफलाइन काउंसलिंग कर दी गई है। चयनित स्टाफ नर्स को कोविड-19 प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण के लिए पदस्थापना स्थल पर ही ऑनलाइन माध्यम से आगे का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



### टीका प्रमाण पत्र में मोदी की जगह लगेगी ममता की तस्वीर

**नई दिल्ली।** कोरोना का टीका लगाने के बाद कोविन एप के जरिए मिलने वाले सर्टिफिकेट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फोटो पर बवाल जारी है। लेकिन अब सर्टिफिकेट पर फोटो को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार का कहना है कि तीसरे चरण के वैक्सीनेशन में 18-44 साल के लोगों को वैक्सीन लगने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के फोटो वाले सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। बता दें कि पहले से ही ममता बनर्जी की नेतृत्व वाली टीएमसी और केंद्र सरकार के बीच कई मुद्दों को लेकर अनबन है और ये मुद्दा राज्य और केंद्र सरकार के बीच और दूरी बढ़ा सकता है। हालांकि इससे पहले टीएमसी खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो पर आपत्ति जता चुकी हैं और इसकी आलोचना कर चुकी हैं।

## मध्य प्रदेश में अब बिल्डिंग और घर बनाने के लिए पेड़ लगाना अनिवार्य



**भोपाल।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में अब बिल्डिंग परमिशन और घर बनाने के लिए पेड़ लगाना अनिवार्य रहेगा। यह नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के साथ गांव में भी लागू रहेगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान बनाने पर भी पेड़ लगाना अनिवार्य होगा। मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य जहां बिल्डिंग परमिशन के लिए पेड़ लगाना अनिवार्य किया गया।

### कामाख्या मंदिर में नहीं लगेगा अंबुबाची मेला

असम के लोकप्रिय कामाख्या मंदिर के प्रबंधन ने कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। कामाख्या मंदिर प्रबंधन का कहना है कि कोरोना वायरस की दूसरी लहर को देखते हुए इस साल भी अंबुबाची मेला का आयोजन नहीं किया जाएगा। ये मेला 22-26 जून को होना था लेकिन कोरोना के खतरे को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने मेला का आयोजन ना कराने का फैसला किया है।

## साल के आखिर तक देश में आ जाएंगी चार और वैक्सीन

**नई दिल्ली।** भारत कोरोना की दूसरी लहर से जूझ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि जुलाई-अगस्त तक दूसरी लहर पीक पर रहेगी। हालांकि, अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग वक्त पर पीक आएगा इसी बीच तीसरी लहर आने की आशंका है। विशेषज्ञों का मानना है कि देश में नवंबर-दिसंबर में तीसरी लहर तबाही मचाएगी। इससे बचने के लिए वैक्सीन का क्लिनिकल ट्रायल भी शुरू हो चुका है। इधर देश में साल के अंत तक 4 और वैक्सीन आने की संभावना है। कई वैक्सीन इस वक्त पाइपलाइन में है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आधा दर्जन वैक्सीन बाजार में आ जाएंगी। देश में अभी तीन वैक्सीन उपलब्ध हैं, जिसमें दो मेड इन इंडिया कोविशील्ड और कोवैक्सीन है। वहीं रूस की स्पुतनिक वैक्सीन भी अब उपलब्ध है।




### भारत को बड़ी राहत

कोवोवैक्स वैक्सीन पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया कोविशील्ड नाम से ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका वैक्सीन तैयार कर रही है, लेकिन इसके अलावा, यह प्रोटीन-आधारित कोविड -19 वैक्सीन कोवोवैक्स के नाम से भी उत्पादन कर रहा है। इस वैक्सीन को अमेरिकी बायोटेक्नोलॉजी कंपनी नोवोवैक्स ने विकसित किया है। सीरम इंस्टीट्यूट का कोवेक्स का उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है। उम्मीद है कि एसआईआई को भी यहां जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी।


### नेजल वैक्सीन

कोवैक्सीन बनाने वाली भारत बायोटेक नेजल वैक्सीन तैयार कर रही है। यह वैक्सीन नाक के माध्यम से शरीर में जाएगी। टीका का पहला परीक्षण चल रहा है। यह इंट्रानैसल वैक्सीन की जगह है। यह एंटी बॉडी तैयार करने में काफी मददगार है।

### HGC019

पुणे में स्थित जिनेवा बायोफार्मास्यूटिकल्स भारत का पहला mRNA Covid-19 वैक्सीन विकसित किया है, जिसे HGC019 कहा जाता है। वैक्सीन का क्लिनिकल ट्रायल पिछले महीने से शुरू हो चुका है।

## टीका लगवाने के दो साल बाद हो जाएगी मौत? सरकार ने किया खंडन



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार और सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स के बीच तनातनी लगातार जारी है। इस विवाद को तब और हवा मिली, जब फेसबुक व इंस्टाग्राम ने सरकार की ओर से पोस्ट किए गए एक खंडन को हटा दिया। दरअसल, इस पोस्ट में उस दावे का खंडन किया गया था, जिसमें कोरोना का टीका लगवाने से मौत होने का जिक्र था। हालांकि, सरकार के विरोध के बाद दोनों ही प्लैटफॉर्म पर पोस्ट को बहाल कर दिया गया। सरकार के पीआईबी फैक्ट चेक हैंडल से 25 मई को फेसबुक और इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया गया था। इसमें उस दावे का खंडन किया गया था, जिसमें फ्रांस के नोबेल प्राइज विजेता ल्यूक मोंटेनियर ने कहा था कि कोरोना का टीका लगवाने वालों की दो साल में मौत हो जाएगी। इस पोस्ट में कथित दावे का स्क्रीनशॉट लगाया गया था। साथ ही, लिखा था, %फ्रांस के नोबेल प्राइज विजेता ल्यूक मोंटेनियर के हवाले से एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें दावा किया जा रहा है कि कोरोना का टीका लगवाने के दो साल बाद संबंधित व्यक्ति की मौत हो जाएगी। तस्वीर में किया गया दावा झूठा है। कोरोना की वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। इस संदेश को नजरअंदाज करें।

## शुरू हुईं कई स्पेशल ट्रेनें रेलमंत्री ने ट्वीट कर बताया

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के संक्रमण के घटते मामलों को देखते हुए भारतीय रेलवे ने एक बार फिर ट्रेनों की आवाजाही बढ़ानी शुरू कर दी है, जिससे लोगों को हो रही असुविधा में कमी आए. बता दें कि कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण कई ट्रेनें रद कर दी गई थीं तो वहीं कई ट्रेनों का रूट बदल दिया गया था. अब गर्मियों में लोगों को घरों तक पहुंचाने के लिए भारतीय रेलवे ने कई नई ट्रेनें शुरू की हैं, तो वहीं कुछ ट्रेनों को कैंसिल करने की घोषणा भी की गई है रेल मंत्री पीयूष गोयल ने ट्वीट कर ये जानकारी दी है कि आरक्षित ग्रीष्मकालीन ट्रेनें शुरू कर रहा है. खासकर, यूपी व बिहार के नागरिकों की सुविधा को देखते हुए।

## 2 महीने में आज कोरोना सबसे कम



**नई दिल्ल।** भारत में आज शनिवार को एक दिन में कोविड-19 के नए 1,20,529 मामले आए हैं। ये भारत में करीब दो महीनों में कोविड-19 के एक दिन में सबसे कम नए मामले आए हैं और इसके साथ ही संक्रमण के कुल मामले 2,86,94,879 पर पहुंच गए है. पिछले 24 घंटे में 3,380 लोगों की संक्रमण के कारण जान चली गई. वहीं, 3,380 नई मौतों के बाद भारत में कोरोना संक्रमण से कुल मृतकों की संख्या 3,44,082 पर पहुंच गई है केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार, इस संक्रामक रोग से 3,380 और लोगों के जान गंवाने से मृतकों की कुल संख्या 3,44,082 हो गई है जबकि एक्टवि मरीजों की संख्या लगातार पांचवें दिन 20 लाख से कम रही. रोज आने वाले संक्रमण के नए मामले 58 दिनों में सबसे कम हैं।

***भोपाल में दो दिन का कारोना कर्फ्यू***

राजधानी शुक्रवार रात से ही 58 घंटे के लिए लॉक हो गई। इसके चलते शनिवार सुबह जरूरी सेवाओं को छोड़कर बाजारों में सब कुछ बंद रहा। हालांकि, गली-मोहल्लों में जरूर दुकानें खुली हुई नजर आई। जिन्हें बंद कराने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन की टीमें घूमती रही। दूध की दुकानों को सुबह छह से नौ बजे तक की छूट दी गई थी, पर वे काफी देर तक खुली रही।

## पर्यावरण दिवस पर फिल्म फेस्टिवल का एलान




**नई दिल्ली।** आज दुनियाभर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। हर साल 5 जून के दिन दुनियाभर में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करना है। इस खास मौके पर भारत का फिल्म प्रभाग दो दिवसीय ऑनलाइन फिल्म महोत्सव का आयोजन करेगा। इस फिल्म महोत्सव को 'ओएसिस ऑफ होप' नाम दिया गया है। इसमें 5 और 6 जून को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी फिल्मों को शामिल किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए फिल्म डिवीजन की ओर से ट्वीट किया गया है। इसके अलावा मिनिस्ट्री ऑफ इंफॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग (एमआईबी) की ओर से फिल्मों के बारे में जानकारी दी गई। इस फिल्म फेस्टिवल में कुल छह फिल्मों को दर्शाया जाएगा। महोत्सव में प्लास्टिक वर्ल्ड (सात मिनट), द जंगल मैन लोया (21 मिनट), लिविंग द नेचुरल वे (76 मिनट), सालुमराडा थिमक्का (43 मिनट), क्लाइमेट चेंज (14 मिनट), माय सन निओ (15 मिनट) जैसी फिल्में दिखाई जाएंगी। इन फिल्मों की स्ट्रीमिंग फिल्म डिवीजन की वेबसाइन और यूट्यूब चैनल पर होगी।

## टाईट पैंट पहनने के कारण महिला सांसद को नेशनल असेंबली से कर दिया बाहर



**नई दिल्ली।** बहुत सी जगह जहां हम खुद को स्वतंत्र और सुरक्षित महसूस करते हैं अगर उस जगह पर एक छोटी सी चीज को लेकर आपका अपमान कर दिया जाए या फिर आपको उस स्थान से चले जाने के लिए कह दिया जाए तो ये बड़े ही शर्म की बात है। कुछ ऐसा ही मामला तंजानिया की संसद का है। जहां सिर्फ एक टाइट ट्राउजर की वजह से महिला सांसद को नेशनल एसेंबली से बाहर कर दिया गया। जानकर तो आपको भी हैरानी हो रही होगी लेकिन यह एक सत्य घटना है। 31 साल की महिला सांसद कॉन्डेस्टर मिशेल जब मंगलवार को पूर्व अफ्रीकी देश तंजानिया की संसद पहुंची तो स्पीकर जॉब डुगाई ने सिर्फ इसलिए उन्हें संसद में बैठने नहीं दिया क्योंकि महिला सांसद ने टाईट ट्राउजर पहनी थी। स्पीकर ने आपत्ति जातते हुए कहा कि 'जाइए ठीक से कपड़े पहनकर आइए और उसके बाद संसद में आएं।' आपको बतादें कि स्पीकर डुगाई से पहले भी एक पुरूष सांसद हुसैन अमार ने भी कुछ ऐसी ही बात कही थी। उन्होनें कहा था कि 'हमारी कुछ बहनें अजीबोगरीब कपड़े पहन रही हैं, ये समाज को क्या दिखाना चाहती हैं? उन्होनें कहा कि 'ड्रेस को लेकर कोड स्पष्ट है लेकिन यहां पर सांसद ऐसे ड्रेस पहन रही हैं जो 'शालीन' नहीं हैं। यह पूछे जाने कि अमार किसकी ओर इशारा कर रहे हैं, इस पर उन्होंने कोंडेस्टेर की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, 'यह सांसद मेरे दाहिने ओर हैं। जिन्होनें टी शर्ट पहन रखा है लेकिन प्लीज उन्हें सामने बुलाया जाए और यह देखा जाए कि उन्होंने कितनी टाइट पैंट पहन रखी है।



# आज 9 केन्द्रों पर लग रहा कोविड-19 का टीका

## 45 साल से अधिक आयु वाले सभी व्यक्तियों को लगाई जा रही वैक्सीन

**कटनी। कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का 1 अप्रैल से टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। आज जिले में शासकीय एवं निजी क्षेत्र की 9 स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किये जायेंगे। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण नि:शुल्क किया जा रहा है।**

### कटनी शहरी क्षेत्र में इन स्थानों पर टीकाकरण



कटनी शहरी क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी देते हुये जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी अर्बन क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर और झूलेलाल सेवा मण्डल माधवनगर में टीकाकरण होगा। इसके साथ ही जिला अस्पताल अंतर्गत पुरानी कचहरी परिसर में को-वेक्सीन के दूसरे डोज का भी टीकाकरण किया जा रहा है।

### 23 स्थलों पर होगा कोविड-19 वेक्सीनेशन

जिले में आज 18 से 44 आयु वर्ग लोगों के लिये वेक्सीनेशन 23 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि पुरानी कचहरी परिसर कटनी में वेक्सीनेशन किया जा रहा है। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र अंतर्गत सनातन धर्म पंजाबी मण्डी माता मंदिर माधवनगर, रेल्वे स्कूल एनकेजे, सेवा भारती सरस्वती स्कूल दई बस्ती, तिलक कॉलेज, आयुध निर्माणी कटनी, एसीसी हॉस्पिटल कटनी, एसएस जैन कन्याशाला सिटी कोतवाली के पास में भी 18 से 44 आयुवर्ग के लिये वेक्सीनेशन होगा। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़, सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएचसी उमरियापान, पीएचसी कछारगांव, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी पहाड़ी, सीएचसी रीठी, सीएचसी बिलहरी, सीएचसी बरही, सीएचसी सिनगौड़ी, सीएचसी कैमोर, पीएचसी बाकल, पीएचसी स्लीमनाबाद, पीएचसी तेवरी, एसएचसी खितौली और पीएचसी बसाड़ी में भी शनिवार को 18 से 44 आयुवर्ग के लिये कोविड-19 वेक्सीनेशन किया जायेगा। इसके लिये सभी स्लॉट बुक हो चुके हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में इन स्थानों पर होगा टीकाकरण

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि आज जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी निर्धारित केन्द्रों पर वेक्सीनेशन होगा। जिसमें सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएससी उमरियापान, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़ और सीएचसी बरही में भी कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया जा रहा है।

**2858 को लगी वैक्सीन**

### 18 से 44 आयुवर्ग के 2617 लाभार्थियों ने भी कराया वेक्सीनेशन

**कटनी।** जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी जिले में 4 जून को कुल 2858 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 191 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 11 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। इसी प्रकार सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 32 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज एवं 7 लाभार्थियों को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं जिले में 18 से 44 आयुवर्ग के 2617 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। जिसमें 2590 को कोविड-19 वेक्सीन का फर्स्ट डोज और 27 को सेकेण्ड डोज भी लगाया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी ने अपील की है कि जिन लोगों के द्वारा टीकाकरण के लिये ऑनलाईन पंजीयन के माध्यम से स्लॉट बुक किया जाता है, यदि वे किन्ही कारणों से वेक्सीनेशन के लिये नहीं आ पा रहे हैं, तो वे बुक किये हुये स्लॉट को कैंसिंल कर दें। ताकि उस स्लॉट पर किसी अन्य व्यक्ति का वेक्सीनेशन किया जा सके।

# हर नागरिक को लगाई जाए मुफ्त वैक्सीन

## प्रतिदिन एक करोड़ वैक्सीनेशन हो- कांग्रेस की मांग

**कटनी।** जिला कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधि मण्डल ने भारत के महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपकर मांग की है कि भारत के नागरिकों के लिए प्रतिदिन एक करोड़ वैक्सीनेशन कराया जाना सुनिश्चित किया जावे तथा हर नागरिक को मुफ्त वैक्सीन दी जावे । प्रतिनिधि मंडल में जिला (शहर) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन एडवोकेट एवं जिला (ग्रामीण) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ठा. गुमान सिंह, पूर्व अध्यक्ष करण सिंह चौहान, इंदिरा गांधी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सोनी, इत्यादि शामिल थे ।



कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने सौपे गये ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से मांग की है कि कोविड-19 ने लगभग हर भारतीय परिवार को अप्रत्याशित तबाही एवं असीम पीड़ा दी है। कांग्रेस ने कहा है कि दुख की बात है कि मोदी सरकार ने कोरोना से लड़ने की अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़लिया है और लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। सच्चाई यह है कि केंद्र की भाजपा सरकार कोविड-19 के अपराधिक कुप्रबंधन की दोषी है। उग्र कोविड-19 महामारी के बीच वैक्सीनेशन ही एकमात्र सुरक्षा है। केंद्र सरकार ने जानबूझकर एक 'डिजिटल डिवाईड' पैदा किया, जिससे वैक्सीनेशन की प्रक्रिया धीमी हो गई। केंद्र सरकार ने 'विभिन्न कीमतों के स्लैब' बनाने मे ं जानबूझकर मिलीभगत की, यानि एक ही वैक्सीन के लिए अलग अलग कीमतें तय कीं, ताकि आम आदमी से आपदा में लूट की जा सके। जहां अन्य देशों ने मई, 2020 से वैक्सीन खरीदने के ऑर्डर देने शुरू कर दिए थे, वहीं मोदी सरकार ने भारत को इसमें विफल कर दिया। केंद्र सरकार ने वैक्सीन का पहला ऑर्डर जनवरी, 2021 में जाकर दिया। जन पटल पर मौजूद जानकारी के अनुसार, मोदी सरकार . राज्य सरकारों ने 140 करोड़ की जनसंख्या के लिए आज तक केवल 39 करोड़ वैक्सीन खुराकों का ऑर्डर दिया है। कहा गया है कि केंद्र की भाजपा सरकार आज तकवैक्सीन की 6.63 खुराक दूसरे देशों को निर्यात कर चुकी है। यह देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान है। मोदी सरकार द्वारा वैक्सीन के लिए तय की गई अलग अलग कीमतें लोगों की पीड़ा से मुनाफाखोरी का एक और उदाहरण हैं। मोदी सरकार द्वारा एक ही वैक्सीन की तीन अलग अलग कीमतें तय करना लोगों की पीड़ा से मुनाफाखोरी कमाने का नुस्खा है। आज जरूरत है कि केंद्र सरकार वैक्सीन खरीदे और राज्यों एवं निजी अस्पतालों को निःशुल्क वितरित करे, ताकि वह भारत के नागरिकों को मुफ्त लगाई जा सके। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने सौपे गये ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति जी से मांग की है कि आप मोदी सरकार को दिन में एक करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाए जाने एवं यूनिवर्सल मुफ्त वैक्सीनेशन का निर्देश दें । कोविड-19 महामारी से लड़ाई एवं इस बीमारी को हराए जाने का यही एकमात्र रास्ता है। हर भारतीय को कोरोना से जीत दिलाने का भी यही एकमात्र रास्ता है।



# 1000 वृक्ष रोपेंगे अशोका एजुकेशन सोसायटी के सदस्य

**कटनी।** वर्तमान में कोरोना महामारी के संकट के दौर में हमने ऑक्सीजन की किल्लत देखी है। भविष्य में हमें इस तरह की समस्याओं का संकट ना झेलना पड़े इस उद्देश्य से शहरभर में अशोका वेलफेयर सोसायटी के सदस्य 1000 वृक्षारोपण का कार्य करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने बताया कि प्रकृति की सुरक्षा करना हम सभी का कर्त्तव्य है। पर्यावरण की सुरक्षा व आमजनों की स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण करने का किया जाना जरूरी है। इसी उद्देश्य को लेकर अशोका एजुकेशन एन्ड वेलफेयर सोसायटी द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा जिसकी शुरुआत आज 4 जून को की गई है। विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वृक्षारोपण अभियान पर विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया जायेगा।

# पर्यावरण का संरक्षण नहीं तो कैसे मिलेगी शुद्ध हवा

## वृक्षारोपण तो छोड़ कटे पेड़ का मूल हिस्सा ही अलग नहीं हो पाया

**कटनी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दुबे कालोनी मोड शहडोल मुख्य मार्ग पर जिस तरीके से रोड निर्माण के पश्चात पेड़ कटे है अगर उसकी जगह नए पेड़ लगाए जाते तो निश्चित तौर पर पर्यावरण दिवस पर अच्छा संदेश जाता। जिला कांग्रेस कटनी के पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने दो माह पूर्व ही पत्र लिखकर अधूरा निर्माण कार्य एवं पेड़ों के काटने के तरीके पर आपत्ती दर्ज कराते हुए त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम आयुक्त का ध्यानाकर्षण कराया था। वर्षों पुराने सैकड़ों वृक्ष काटने के बाद अगर विभाग द्वारा वृक्षारोपण किया जाता तो निश्चित तौर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के वृक्षारोपण का संदेश जमीनी हकीकत को बयां करता लेकिन कटनी शहर के बीच में स्थित दुबे कालोनी खिरहनी के सामने जिस तरीके से निर्माण एजेंसी द्वारा पेड़ काटे गए हैं।



महीनों से उस पेड़ का मूल हिस्सा आधा एक फुट निकला हुआ है जिससे प्रतिदिन लगातार दुर्घटनाएं को आमंत्रित कर रही है। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को भी ध्यानाकर्षण कराया है जिसमे उनके द्वारा स्वयं प्रतिदिन वृक्षारोपण किये जाने के संदेश को मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास विभाग के नगर पालिक निगम कटनी एवं अन्य विभागों द्वारा कितनी गंभीरता से लिया जाता है उसका जीवंत उदाहरण कटनी शहर में खिरहनी दुबे कालोनी पर देखा जा सकता है जहां वृक्षारोपण तो छोड़ कटे पेड़ का मूल हिस्सा ही अलग नहीं हो पाया उन्होंने कहा है कि अगर हम सब पर्यावरण का संरक्षण संवर्धन नहीं करेंगे तो कैसे मिलेगी शुद्ध हवा

# एप्को द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर ऑनलाइन प्रतियोगिताएं

**कटनी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) द्वारा विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। पारिस्थितिकी तंत्र पुनः स्थापना (इकोसिस्टम रेस्टोरेशन) विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में इको क्लब के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी और स्लोगन के साथ पोस्टर प्रतियोगिता में महाविद्यालयीन विद्यार्थी भाग लेंगे। इसके अलावा 5 जून को सुबह 11 से शाम 5 बजे के बीच ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी होगी। इसमें प्रदेश के सभी इको क्लब विद्यार्थी, शिक्षक, प्राध्यापक और आम नागरिक भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता गूगल फार्म के माध्यम से आयोजित की जायेगी। आंचलिक विज्ञान केन्द्र और एप्को द्वारा 5 जून को 11 बजे से ऑनलाइन पेनल डिस्कशन का प्रसारण भी होगा। चित्रकला और स्लोगन के साथ पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना (दो) पुरस्कार के रूप में क्रमशः 2000/-, 1500/-, 1000/- और 500-500 रूपये की राशि दी जायेगी। विजेताओं को पुरस्कार राशि आरटीजीएस के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित की जायेगी। विजेताओं का चयन बाह्य निर्णायक पेनल द्वारा किया जायेगा।



# आधी शटर खोलकर व्यवसाय करने वालों को समझाइश

**अनलॉक के नियमों का पालन करानें निगमायुक्त ने दिये निर्देश**

**कटनी।** कोरोना अनलॉक के दौरान नगर में सब्जी फ्ल का क्रय-विक्रय चिन्हित स्थलों से ही संपादित करानें व नगर की दुकानों प्रतिष्ठानों एवं फर्म को अनलॉक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन कराकर संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण लागनें की कार्यवाही हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा उपयुक्त एवं नोडल अधिकारी अशफाक परवेज की उपस्थिति में निगम के गठित दल के अधिकारियों से चर्चा की जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गए।

चर्चा के दौरान निगमायुक्त उपस्थित गठित दल के अधिकारियों को अनलॉक के जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप सब्जी फ्लों का क्रय विक्रय की कार्यवाही चिन्हित स्थलों से ही करानें, निगम के विभिन्न मुख्य मार्गो में स्थित दुकानें, प्रतिष्ठान, फर्म आदि को निर्धारित दिवसों में निर्धारित समय से क्षेत्रवार लेफ्ट एवं राईट की दुकानों से व्यवसायिक गतिविधियों को संचालित करानें की कार्यवाही करानें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करानें, आधी शटर खोलकर व्यवसाय करनें वाले व्यवसाईयों को दुकान बंद करनें की समझाईश देने तथा आदेश का उल्लंधन करने वालों पर आर.आर.टी के दल के साथ मिलकर अर्थदण्ड लगानें की कार्यवाही करनें के निर्देश प्रदान किये। निगम के अतिक्रमण दस्ते को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करनें वालों पर जुर्मानें की कार्यवाही करनें व जुर्मानें की कार्यवही के पत्रक की जानकारी निर्धारित समय पर भेजनें के निर्देश दिए।

# मिष्ठान बांट कर मनाया सांसद का जन्मदिन

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने हनुमानजी के मंदिर में पूजा अर्चना भी की


**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा जबलपुर से लगातार 3 बार से कुशल संसदीय नेतृत्व कर रहे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राकेश सिंह का जन्मदिन भाजपाजनों ने मेन रोड स्थित सिद्ध दक्षिण मुखी हनुमानजी जी के मंदिर में पूजा अर्चना के बाद लोगों को मिष्ठान वितरित कर मनाया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि कोविड संकट के दौरान राकेश जी स्वयं कोरोना संक्रमण से ग्रसित हो गए थे बावजूद उन्होनें न सिर्फ जबलपुर वरन महाकौशल के लिए अथक परिश्रम किया। ऑक्सीजन एक्सप्रेस, रेमडिसिवर कोविड सेंटर्स आदि का निर्माण करा कर पीड़ित मानवता की सेवा की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, लक्ष्मण वीरवानी, सुरेश रोचलानी, युवा मोर्चा अध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, ओमप्रकाश बल्ली सोनी, संतोष पटेल, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, पवन यादव, नरेश स्वर्णकार, विनय चतुर्वेदी, विष्णु शंकर मिश्रा, आशीष मिश्रा, सतीश गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे
डॉ. कनिका अग्रवाल
डॉ. आबिद हुसैन
डॉ. अनिमेष गुप्ता
उपलब्ध विभाग
हेल्पलाईन नं.8982275111
उपलब्ध सुविधायें
मेडीसिन विभाग
हृदय रोग विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
दंत रोग विभाग
हड्डी रोग विभाग
त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
शिशु रोग विभाग
मस्तिष्क रोग विभाग
ट्रामा विभाग
कैंसर विभाग
फिजियोथेरेपी विभाग
प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
नार्मल डिलेवरी
सीजेरियन डिलेवरी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
जनरल सर्जरी
आई.सी.यू. वार्ड
सेमी. प्रायवेट वार्ड
जनरल वार्ड
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
हेयर ट्रांसप्लांट
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

**नीलिमा ❤ से**

## हरियाली की चूनर



हरियाली की चूनर ओढ़े
यौवन का अनुपम श्रृंगार किये
ये धरा है ईश्वर की अनमोल कृति
इस धरा का अस्तित्व बचाएं हम
जन-जन ये संदेश फैलायें
मिलकर पर्यावरण बचाएं हम

बढ़ रही जहरीली हवाएं
कट रहे हरे-भरे जंगल-जंगल
धरती हो जायेगी बंजर-बंजर
प्रकृति की अनमोल बहार बचाएं
जन-जन ये संदेश फैलायें
मिलकर पर्यावरण बचाएं हम

मत छीनो धरती का ये आभूषण
प्रकृति ने जो दिया पर्यावरण संरक्षण
वो सबसे अनमोल अदभुत है धन
मिलकर दूर करें धरा से ये प्रदूषण
जन-जन ये संदेश फैलायें
मिलकर पर्यावरण बचाएं हम

देकर नवजीवन इस धरती को
प्रकृति के साथ हम सब मुस्कुराएं
हरी-भरी धरा की हरियाली ना मिटने पाए
मनोरम धरती पर हर दिन नया पेड़ लगायें
जन-जन ये संदेश फैलायें
मिलकर पर्यावरण बचाएं हम।!!!

- नीलिमा पाठक सामंतरे



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 05 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# घर से लापता युवक युवती के शव बरामद

## बाकल थाना अंतर्गत ग्राम गाड़ा खमतरा में सनसनी







**कटनी।** बाकल थाना अंतर्गत ग्राम खमतरा की सलैया भटिया में 31 मई को घर में बिना बताए एक साथ भागे हम उम्र युवक-युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवती का शव कुत्तों ने नोच खाया था। जिसके कारण वह कंकाल हो गया था जबकि युवक का शव बुरी तरह सड़गल चुका था। युवक-युवती के शव के समीप ही सल्फास की एक खाली व एक भरी शीशी के साथ ही पानी की खाली बोतल भी बरामद की गई है। जिससे यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि दोनों ने एक साथ विषपान कर जान दी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बाकल थाना अंतर्गत ग्राम गाड़ा निवासी 20 वर्षीय कमल पिता राजेन्द्र कुमार लोधी व 20 वर्षीय वर्षा पिता गया प्रसाद लोधी बीती 31 मई की रात एक साथ अपने-अपने घरों से बिना बताए लापता थे। गुरूवार की देरशाम बकरियां लेकर लौट रहे कुछ ग्रामीणों ने समीपस्थ ग्राम खमतरा की सलैया भटिया के पास एक युवक का शव व एक युवती का कंकाल देख कर इसकी सूचना गांव आकर ग्रामीणों को दी। जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शुक्रवार की सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। उधर दोनों शव की पहचान कमल व वर्षा के रूप में की गई। शव के समीप ही सल्फास की एक खाली व एक भरी शीशी के अलावा एक खाली पानी की बोतल भी बरामद की गई है। जिससे यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि दोनों ने विषपान कर मौत को गले लगाया है। बहरहाल पुलिस पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की गंभीरता से विवेचना कर रही है।

**प्रेमप्रसंग के चलते आत्महत्या का संदेह**


### परिजनों ने नहीं दी थी लापता होने की सूचना

एक जानकारी में बताया जाता है कि मृतक कमल पटेल मूलतः हथियागढ़ का रहने वाला है। उसकी मां का मायका गाड़ा में है तथा मां को मायके में जमीन भी मिली है। इसलिए वह अपने माता-पिता के साथ ननिहाल गाड़ा में रहता था। इसी बीच उसके प्रेम संबंध वर्षा पटेल से स्थापित हो गए। कमल व वर्षा के प्रेम संबंध की जानकारी ग्रामीणों के साथ ही उनके परिजनों को भी थी लेकिन दोनों के परिवारों के यह संबंध मंजूर नहीं था। बताया जाता है कि 31 मई से कमल व वर्षा अपने-अपने घरों से लापता थे लेकिन न ही कमल के परिजनों ने और न ही वर्षा के परिजनों ने उनके लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। जिसके कारण क्षेत्र में ऑनर किलिंग की चर्चाओं का भी बाजार सरगर्म है लेकिन पुलिस इसे आत्महत्या का ही प्रकरण मान रही है। वहीं बाकल थाना प्रभारी अनिल काकड़े का कहना है कि पुलिस को पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार है।

### नहीं थम रहा सिलसिला

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जिले में प्रेमीयुगलों के द्वारा एक साथ आत्महत्या करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बड़वारा, विजयराघवगढ़ के बाद बाकल में यह तीसरी वारदात है। जिसमें प्रेम में असफल युवक-युवती के द्वारा एक साथ जान दी गई है। गौरतलब है कि सबसे पहली घटना बड़वारा थाना अंतर्गत प्रेमी युगल के द्वारा ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या की पहली वारदात घटित हुई। इसके बाद विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत प्रेमी युगल ने एक साथ फांसी लगाकर जान दी। वहीं अब बाकल थाना अंतर्गत प्रेमी युगल के द्वारा विषपान कर जान देने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस तरह की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण



अतिरिक्त रेल पुलिस अधीक्षक प्रतिमा पटेल के द्वारा मुख्य रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही जीआरपी थाने पहुंचकर प्रभारी एवं स्टाफ को यात्री सुरक्षा एवं उनकी मदद करने के लिए प्रेरित किया गया। एडिशनल एसपी द्वारा बताया गया कि आज उन्होंने अपराधों की समीक्षा की है। अपराधों में कमी लाने और गंभीरता से अपने कर्तव्य पालन के लिए जवानों एवं प्रभारी को समझाइश दी गई है।

# 3135 किलोग्राम महुला जप्त



### 4 के विरुद्ध न्यायालयीन प्रकरण दर्ज



**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण पर रोकथाम के लिये विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आबाकरी विभाग द्वारा विभिन्न स्थलों में कार्यवाही की गई है। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि 4 मई को आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 2 द्वारा आधारकाप जंगल भूमि, निमियाहार, निमियाहार नदी के किनारे जंगल में तथा कटनी नदी के किनारे में कार्यवाही की गई है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी पी केवट एवं ममता अहिरवार के नेतृत्व में की गई इस कार्यवाही के दौरान 3135 किलोग्राम महुआ लाहन आबकारी दल द्वारा जप्त किया गया है। इसके साथ ही 4 अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के तहत न्यायालयीन प्रकरण भी पंजीबद्ध किये गये है। इस दौरान जप्तशुदा महुआ लाहन का सैंपल लेकर उसे नष्ट किया गया। कार्यवाही में जप्त किये गये लहान की अनुमानित राशि लगभग 1 लाख 56 हजार 750 रूपये है।

# 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के माता-पिता को टीकाकरण में प्राथमिकता

कटनी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हमने कोरोना की दूसरी लहर पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया है। तीसरी लहर की आशंका जताई जा रही है। तीसरी लहर का मुकाबला करने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि इसका असर बच्चों पर ज्यादा होगा। इस आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का सुद्धढ़ीकरण करने का फैसला लिया गया है। अलग-अलग स्तर पर बच्चों के विशेष वार्ड बनाने का फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रालय में मीडिया को जारी संदेश में यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह भी फैसला लिया गया है कि जिन माता-पिता के बच्चों की उम्र 12 वर्ष से कम है, उन बच्चों के माता-पिता को टीकाकरण में प्राथमिकता दी जायेगी। उनका टीकाकरण बहुत आवश्यक है। क्योंकि किसी बच्चे को यदि संक्रमण हुआ तो बच्चे के साथ माता या पिता का रहना आवश्यक होगा। माता-पिता का टीकाकरण हो जायेगा तो वे बच्चों की देख-भाल करते रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरे ध्यान में यह तथ्य भी आया है कि मध्यप्रदेश के कई बेटे- बेटियां शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। अतः यह फैसला भी लिया गया है कि जिन बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाना है, उनका प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया जायगा, जिससे वे सुरक्षित विदेश जा सकें और शिक्षा प्राप्त कर सकें।

# तेज हुई मानसून पूर्व गतिविधियां

## नमी आने का सिलसिला बढ़ा, बौछारें पड़ने की संभावना

**कटनी।** मानसून केरल से आगे बढ़ने लगा है। साथ ही अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में मानसूनी हलचल तेज होने लगी है। इस वजह से आसमान में बादल छाने के साथ ही वातावरण में भी नमी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक वर्तमान में दक्षिण-पश्चिमी उत्तरप्रदेश और उससे लगे मप्र पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। अरब सागर में भी ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। इस वजह से आ रही नमी आने का सिलसिला लगातार बना हुआ है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए तेज बौछारें पड़ने के आसार बने हुए हैं।



### आसमान में बादलों को डेरा, गिरा तापमान

मौसम विभाग ने बताया कि वातावरण में लगातार नमी आने के कारण मानसून पूर्व की गतिविधियों में तेजी आने लगी है। आद्रता बढ़ने के कारण बादल छा रहे हैं। धूप नहीं निकलने की वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट होने लगी है। हालांकि बीच-बीच में कुछ धूप निकलने से वातावरण में उमस भी बरकरार है।

### तीन वेदर सिस्टम सक्रियता से बदला मौसम

मौसम विभाग ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू पर ऊपरी हवा के चक्रवात के रूप में बना हुआ है। दक्षिण-पश्चिमी उत्तरप्रदेश और उससे लगे मप्र पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर एक द्रोणिका लाइन (ट्रफ) कर्नाटक से तमिलनाडू तक बनी हुई है। इस वजह से लगातार नमी आ रही है। इस वजह से शनिवार-रविवार को रुक-रुक कर तेज बौछारें पड़ने की संभावना है।

### 20 तक कटनी में भी झमाझम के आसार

दक्षिण पश्चिम मानसून ने केरल में दस्तक दे दी है। 20 मई तक इसके कटनी पहुंचने और फिर झमाझम बारिश की संभावना जताई जाने लगी है। बादलों ने भी आमसान पर डेरा डाल दिया है जो बरसने को बेताब दिख रहे हैं। मानसूनी दस्तक के चलते शुक्रवार को मौसम भी नरम-गरम बना रहा। सुबह सूरज निकला और तेज धूप से तपन का अहसास भी कराया लेकिन बादलों की आवाजाही के कारण सूरज की तपन फीकी पड़ गई। बादलों की ओट से झांकते सूरज की आंख मिचौली दिन भर जारी रही। अधिकतम तापमान भी चार डिग्री तक नीचे चला गया। मौसम विभाग के मुताबिक मानूसन माह अंत के पहले पहुंच सकता है। फिलहाल जो समीकरण बन रहे हैं उसे देखते हुए शनिवार को गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं।

# अपहरण कर युवक के साथ मारपीट

**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत एनकेजे बजरिया से एक युवक का मोटर सायकल में अपहरण करने के बाद उसे सूनसान जगह में ले जाकर बेदम मारपीट करते हुए मोबाइल फोन छीनने की घटना प्रकाश में आई है। मामले में पुलिस ने आधा दर्जन युवकों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रोशननगर निवासी राजू पिता संतोष गुप्ता बीतीरात 10 बजे के लगभग जब किसी कार्यवश एनकेजे बजरिया गया था। उसीदौरान वहां अमन सिह परिहार, दीपक ठाकुर, अनुराग परिहार, राजा ठाकुर, भानू ठाकुर व दीपक उर्फ गोलू यादव पहुंचे और मोटर सायकल में बीच में बैठाकर राजू का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद सभी युवक राजू को किसी सूनसान जगह पर ले गए और उसके साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए उसका मोबाइल फोन छीन लिया। मारपीट करने के बाद सभी युवक राजू को छोड़कर भाग गए। बाद में राजू के द्वारा थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 341, 294, 506, 365, 394, 323, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति

सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति

पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड
बरगवां कटनी (म.प्र.)

मो. 8109417340

# कोरोना संक्रमण के प्रसार को समाप्त करने निरंतर जारी सैनेटाईजेशन अभियान





**कटनी।** कोविड -19 कोरोना महामारी के संक्रमण एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा के निर्देशों के परिपालन एवं आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न रहवासी एवं सार्वेजनिक स्थलों में निगम के वाहनों द्वारा सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल से युद्वस्तर पर सेनेटाईजेशन कार्य कराया गया। सैनेटाईजर प्रभारी अभिषेक बघेल एवं पंकज निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण से बचाव हेतु सेनेटाईजेशन अभियान के अन्तर्गत आज नगर के विभिन्न रहवासी स्थलों जगमोहन दास वार्ड की विभिन्न गलियों में ,नई बस्ती क्षेत्र मे सोंधिया गली ,रफी अहमद किदवई वार्ड में तिलक कॉलेज के पास संपूर्ण स्थल, रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित राशन दुकान वाली गली ,तथा जोवियल स्कूल के पास ,राहुल बाग क्षेत्र,चांडक चौक,गांधी द्वार सहित एवं वार्ड की अन्य गलियों में सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिड़काव कराया गया। नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों जिला चिकित्सालय परिसर, सरस्वती स्कूल नगरनिगम उपकार्यालय जोन क्रमांक -1 ऑडिटोरियम परिसर, जोन क्रमांक-2 खिरहनी आंगनबाड़ी परिसर, जोन क्रमांक -3 टी.सी.बजान स्कूल परिसर, सहित दुर्गा चौक चैक पोस्ट, पुराना जिला न्यायालय कचहरी परिसर वैक्सीनेशन केन्द्र, अंजूमन इस्लामिया स्कूल, कोविड जांच केन्द्र जैन स्कूल, दीनदयाल अन्त्योदय रसोई केन्द्र 2, मुख्य रेल्वे स्टेशन,साधूराम स्कूल मुडवारा रेल्वे स्टेशन परिसर, बस स्टेण्ड, सहित नगर के अन्य स्थलों मे सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव कराया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करने की कार्यवाही की गई।

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

विशेषतायें

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

अभी मास्क भी वैक्सीन है




# मई में बरपा कहर, जून में 403 पंचायतें कोरोना फ्री

## अब केवल 4 पंचायतें कोरोना की चपेट में, ग्रामीण क्षेत्रों में कम हुआ कोरोना संक्रमण का असर

यश भारत पड़ताल




**किल कोरोना अभियान, स्वास्थ्य सर्वे, टीकाकरण एवं लोगों की जागरूकता से मिली सफलता**

कटनी। प्रदेश के साथ ही जिले में भी पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण का असर कम हो गया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों की तुलना में पॉजीटिव केसों की संख्या में खासी गिरावट देखने को मिल रही है। यही कारण है कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार कटनी जिले में 1 जून से पाबंदियों के साथ अनलॉक लागू किया गया है। अनलॉक होने के बाद भी संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे में जिले में 5 लोगो में संक्रमण की पुष्टि हुई है, इसमे 2 शहर के और 3 ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से भी कोरोना की बिदाई हो गई है। जानकारी के मुताबिक जिले की कुल 407 में से 403 पंचाययतें अब कोरोना फ्री हो गई हैं। 403 पंचायतों में पिछले 10 दिनों से एक भी पॉजीटिव केस सामने नहीं आया है। सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में सतत मॉनीटरिंग की जा रही है। स्वास्थ्य अमले को भी एक्टिव रहने के लिए कहा गया है। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में अब पॉजीटिव केस मिलता है तो यहां कांटेक्ट ट्रेसिंग करते हुए संपर्क में आए सभी लोगों की जांच की जाएगी। इसके अलावा बाहर से आने वाले लोगों की भी जांच की जा रही है और उन्हें अगले कुछ दिनों तक होम क्वारंटाइन रहने के लिए कहा जा रहा है, जिससे संक्रमण फैलने की गुंजाइश नहीं रहे।

### एक सप्ताह में 7155 की जांच मिले 14 पॉजीटिव केस

जिले में संक्रमण की दर पर ब्रेक लगने के बाद भी हर दिन करीब एक हजार लोगों की जांच की जा रही है। जिला चिकित्सालय कटनी, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पिछले 7 दिनों में 7 हजार 155 लोगों की जांच की गई है। जिसमे 14 पॉजीटिव केस मिले हैं। इस तरह कटनी जिले में साप्ताहिक संक्रमण की दर 0.19 प्रतिशत के आसपास रही। बताया जाता है कि सीएचसी बहोरीबंद, सीएचसी उमरियापान, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़, पीएचसी कन्हवारा, पीएचसी बिलहरी, पीएचसी कैमोर एवं पीएचसी स्लीमनाबाद में पिछले 7 दिनों में एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को राहत मिली है।

### जिले में ग्राम पंचायतें

| विकासखंड | पंचायतें | केस | कोरोना फ्री पंचायतें |
|---|---|---|---|
| बड़वारा | 66 | 00 | 66 |
| बहोरीबंद | 79 | 00 | 79 |
| ढीमरखेड़ा | 73 | 03 | 70 |
| कटनी | 59 | 01 | 58 |
| रीठी | 56 | 00 | 56 |
| विजयराघवगढ़ | 74 | 00 | 74 |
| **कुल योग** | **407** | **04** | **403** |

### किल कोरोना अभियान से मिली सफलता

राज्य सरकार के निर्देशानुसार कटनी जिले में भी किल कोरोना अभियान चलाया गया था। जिस समय जिले में संक्रमण की रफ्तार तेज थी और हर दिन बड़ी संख्या में पॉजीटिव केस मिल रहे थे, उस समय स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव घूमकर स्वास्थ्य सर्वे कर रही थीं। किल कोरोना अभियान के तहत गांवों में बाहर से आने वाले लोगों की लगातार कोरोना जांच की गई। कोरोना संक्रमण पर रोकथाम लगाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक रहने के लिए कहा गया। घर-घर स्वास्थ्य सर्वे किया गया। ग्रामीणों को वैक्सीनेशन के प्रति भी जागरूक किया गया। जिसका परिणाम यह निकला कि अप्रैल के महीने में जहां जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना कहर बनकर टूट रहा था तो मई के दूसरे पखवाड़े से संक्रमण की रोकथाम में बड़ी सफलता मिली। अब जिले की 403 ग्राम पंचायतों को कोरोना फ्री घोषित किया गया है।

### जिले की फीवर क्लीनिक में मिले केस

| फीवर क्लीनिक | 7 दिनों में सेम्पलिंग | पॉजीटिव केस |
|---|---|---|
| सीएचसी बड़वारा | 527 | 02 |
| सीएचसी बहोरीबंद | 627 | 00 |
| सीएचसी बरही | 754 | 03 |
| सीएचसी रीठी | 748 | 01 |
| सीएचसी उमरियापान | 656 | 00 |
| सीएचसी पहाड़ी | 519 | 01 |
| सिविल हॉस्पिटल विगढ़ | 645 | 00 |
| सिविल हॉस्पिटल कटनी | 1524 | 07 |
| पीएचसी कन्हवारा | 249 | 00 |
| पीएचसी बिलहरी | 295 | 00 |
| पीएचसी कैमोर | 304 | 00 |
| पीएचसी स्लीमनाबाद | 307 | 00 |
| **कुल योग** | **7155** | **14** |

साप्ताहिक संक्रमण की दर : 0.19 प्रतिशत

### आज मिले 5 नए पॉजीटिव केस दो शहर और 3 ग्रामीण क्षेत्रों के

पिछले दो दिनों के मुकाबले आज कटनी जिले में पॉजीटिव केस की संख्या में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में पिछले 24 घंटे में 5 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। जिसमे ग्राम सलैया कोहारी विजयराघवगढ़ निवासी 31 वर्षीय युवक, ग्राम कजरवारा तहसील बहोरीबंद निवासी 45 वर्षीय पुरूष, ग्राम कोड़िया तहसील बहोरीबंद निवासी 45 वर्षीय पुरूष एवं बी डी अग्रवाल वार्ड निवासी 25 एवं 28 वर्षीय युवक कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। पांचों संक्रमित मरीजों को होम आईसोलेट किया गया है। इस तरह जिले में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 9355 हो गई है। पिछले 24 घंटे में 6 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। इस तरह अब तक 9218 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब 28 एक्टिव केस हैं। जानकारी के मुताबिक प्रदेश की संक्रमण एक प्रतिशत है तो कटनी जिले की 0.19 प्रतिशत है। जिले में रिकव्हरी रेट 98.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है। जिले में अब तक 1 लाख 34 हजार 980 लोगों की जांच हो चुकी हे।

### इनका कहना है

जिले की 403 ग्राम पंचायतों में पिछले करीब एक सप्ताह में एक भी केस नहीं मिला है, इसके बावजूद सतर्कता बरती जा रही है। स्वास्थ्य अमले को एक्टिव मोड़ पर रहने के लिए कहा गया है। यदि कोई पॉजीटिव केस मिलता है तो सबसे पहले उसकी कांटेक्ट ट्रेसिंग की जाएगी और उसके संपर्क में आने वाले लोगों की मॉनीटरिंग की जाएगी। जरूरत पड़ने पर सेम्पलिंग भी की जाएगी। कोरोना संक्रमण का असर कम हुआ है लेकिन सावधानी और सतर्कता बरतने के साथ ही कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की जरूरत है।

-डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सीएमएचओ

# बिजली के तारों पर झूल रहा जर्जर पेड़



### पुराने पशु चिकित्सालय के पास कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना, नगर निगम प्रशासन का उदासीन रवैया

**कटनी।** पुराने पशु चिकित्सालय के पास जर्जर पेड़ कभी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। पेड़ को यहां से अलग करने की तरफ न तो नगर निगम प्रशासन का ध्यान जा रहा है और न ही वन विभाग का। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों द्वारा कईयों बार इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराए जाने के बाद भी नगर निगम के अधिकारी लगातार उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। तेज आंधी, तूफान और बारिश होने के बाद यह पेड़ कभी भी सड़क पर गिर सकता है और जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि पुराने जंगल दफ्तर की बाउण्ड्रीवॉल से बिजली ट्रांसफार्मर के बगल से लगा एक पेड़ जर्जर हो चुका है और बिजली के तारों पर झूल रहा है। पेड़ की शाखाएं जर्जर तारों पर लटक रही हैं। इन शाखाओं को समय रहते नहीं काटा गया तो कभी भी कोई दुर्घटना घटित हो सकती है। गौरतलब है कि हीरागंज तिराहे से नई बस्ती शहीद द्वार की ओर जाने वाली इस सड़क पर गैस एजेंसी, कोचिंग इंस्ट्ीटयूट के साथ ही शीतला माता का मंदिर और दुकानें व मकान बने हुए हैं। लोगों का कहना है कि जरा सी तेज हवा चलने में पेड़ की शाखाएं हिलने लगती हैं, जिससे हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इस सड़क पर सुबह से लेकर देर रात तक आवागमन होता रहा है। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को कईयों बार इस समस्या से अवगत कराने के बाद भी आज तक नगर निगम ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। क्षेत्र के नागरिकों ने नगर निगम प्रशासक एवं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा का ध्यान इस ओर दिलाते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# अपहरण कर युवक के साथ मारपीट के आरोपी गिरफ्तार

### मोटर सायकल, चाकू, पत्थर व मोबाइल बरामद





**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत एनकेजे बजरिया से एक युवक का मोटर सायकल में अपहरण करने के बाद उसे सूनसान जगह में ले जाकर बेदम मारपीट करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त मोटर सायकल, बेल्ट, कड़ा, चाकू, पत्थर के साथ ही छीना गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। गौरतलब है कि रोशननगर निवासी राजू पिता संतोष गुप्ता शुक्रवार की रात 10 बजे के लगभग जब किसी कार्यवश एनकेजे बजरिया गया था। उसीदौरान वहां अमन सिह परिहार, दीपक ठाकुर, अनुराग परिहार, राजा ठाकुर, भानू ठाकुर व दीपक उर्फ गोलू यादव पहुंचे और मोटर सायकल में बीच में बैठाकर राजू का अपहरण कर लिया था। अपहरण के बाद सभी युवक राजू को किसी सूनसान जगह पर ले गए और उसके साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। मारपीट करने के बाद सभी युवक राजू को छोड़कर भाग गए थे। बाद में राजू के द्धारा थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 341, 294, 506, 365, 394, 323, 34 के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। जिसमें पुलिस को सफलता मिली और पुलिस ने घेराबंदी करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



## आवश्यकता है

कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के सौजन्य से संस्थान को इम्ब्राइडरी क्राफ्ट के 50 शिल्पियों को टूलकिट (Sewing Machine, Embroidery Frame, Pencil, Powder Testing, Scale Steel, Measuring Tap, Scissor, Finger Tumble, Trade Trimmer, Sim Ripper, Pattern Cloth) सप्लाई करने हेतु इच्छुक सप्लाइयर 7 दिन के अंदर उपरोक्त टूल किट हेतु कोटेशन निम्न पते पर भेजने का कष्ट करें

**The Director-** Jan Shikhan Sansthan, Ram Manogar Logiya Ward, Muktidham Road, N.H.-7 Dist. Katni (M.P.)- 483501



## विश्व पर्यावरण दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



**महाकौशल रिफ्रेक्ट्रीज प्रा.लिमिटेड**

कटायेघाट मोड़, बरगवां कटनी



## पुष्पांजलि



हम सबके दिलों में राज करने वाले प्रिय

**धनेन्द्र (जित्तू) गर्ग**

*आज आप प्रत्यक्ष रूप में हम सबके बीच नहीं, लेकिन हमारे दिलों में आप हमेशा मौजूद रहेंगे। अल्पायु में आपका विछोह अत्यंत पीड़ादायक है। आपका जिन्दादिल व्यक्तिव और सबकी मदद करने का स्वभाव हमारे लिए प्रेरणादायक है। नम आंखों से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं*

**शोकाकुल परिवार :-** प्रीतम-महेन्द्र गर्ग (माता-पिता), पिंकी गर्ग (धर्म पत्नी), धर्मेन्द्र-सरिता गर्ग (भैया-भाभी), संकल्प एवं साहस (पुत्र), कान्हा, मान्सी (भतीजा-भतीजी), उर्मिला-प्रमोद गर्ग (बड़े पापा-मम्मी), रविशंकर, सुरेन्द्र, रामजी, जितेन्द्र, रामसेवक, देवेन्द्र गर्ग (चाचा जी), अमित, कन्हैया, अंकित, अतुल, अनिकेत, अंशुल, पंकज, अजय, राजा, राहुल, मनु, राघव गर्ग (भाई) एवं समस्त गर्ग परिवार।

**फर्म-** श्री प्रीतम बिल्डर्स एवं डेवलपर्स, मां शक्ति मुरली ग्रुप ऑफ डेवलपर्स कार्यालय-कलेक्ट्रेट के सामने, नगर सुधार न्यास कालोनी, कटनी (म.प्र.)

**संपर्क-** 9407260428, 8463060428



यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033



### ट्रक बेचना है

MP-20 पासिंग 2007 टाटा मॉडल काअच्छी कंडीशन का 10 चक्का ट्रक बेचना है। इच्छुक व्यक्ति

**शीघ्र संपर्क करें- 8878603799**




### किराए से देना है

बस स्टैंड से 500 मीटर मैहर रोड पर चौरसिया मैरिज गार्डन के ठीक सामने 17×40 की दुकान किराये पर उपलब्ध हैं।

**संपर्क करें- 9424849034, 7052191771,9425155542**



## वृक्ष लगाओ, सबकुछ पाओ पेड़ लगाओ, धरती बचाओ



विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी को शुभकामनाएं

**आनंद माइनिंग कारपोरेशन**

पाठक वार्ड, कटनी













स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)